# रिलीज़ हुआ वॉर 2 का पहला गाना आवां जावां

**ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की इस शानदार जोड़ी में 'आवां जावां' एक विजुअल ट्रीट बन जाता है.'आवां जावां' को कियारा आडवाणी के जन्मदिन पर लॉन्च करके, मेकर्स ने उनकी किरदार 'काव्या' को हाइलाइट किया है, जो ऋतिक के आइकॉनिक किरदार 'कबीर' के अपोज़िट नजर आएंगी.**

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी के जन्मदिन पर फिल्म वॉर 2 का पहला गाना आवां जावां रिलीज किया गया है.

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही फिल्म वॉर 2 का पहला गाना आवां जावां रिलीज हो गया है. यह गाना ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी पर फिल्माया गया है. इस गाने में जहां ऋतिक रोशन अपने सिग्नेचर चार्म में नजर आ रहे हैं, वहीं कियारा आडवाणी अपनी बेमिसाल खूबसूरती, एलिगेंस और स्क्रीन प्रेज़ेंस से हर फ्रेम में छा जाती हैं. यह गाना ग्लैमर, रोमांस और हाई-वोल्टेज आकर्षण का परफेक्ट मेल पेश करता है.

ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की इस शानदार जोड़ी में 'आवां जावां' एक विजुअल ट्रीट बन जाता है.'आवां जावां' को कियारा आडवाणी के जन्मदिन पर लॉन्च करके, मेकर्स ने उनकी किरदार 'काव्या' को हाइलाइट किया है, जो ऋतिक के आइकॉनिक किरदार 'कबीर' के अपोज़िट नजर आएंगी.

यशराज फिल्मस के बैनर तले बन रही फिल्म वॉर 2, 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है. इस फिल्म में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है.

# 78 वर्ष की हुईं मुमताज

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री मुमताज आज 78 वर्ष की हो गयी.

मुमताज का जन्म 31 जुलाई 1947 को मुंबई में हुआ. महज 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपना कदम रख दिया. साठ के दशक में मुमताज ने कई स्टंट फिल्मों में काम किया, जिनमें उनके नायक की भूमिका दारासिंह ने निभाई. वर्ष 1965 में मुमताज के सिने करियर की अहम फिल्म मेरे सनम प्रदर्शित हुयी. इसमें मुमताज खलनायिका की भूमिका में नजर आई. इस फिल्म में आशा भोंसले की आवाज में ओ.पी .नैय्यर के संगीत निर्देशन में उनपर फिल्माया गीत ये है रेश्मी जुल्फों का अंधेरा ना घबराइये उन दिनों श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुआ .

वर्ष 1967 में प्रदर्शित फिल्म पत्थर के सनम मुमताज की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है. मनोज कुमार और वहीदा रहमान अभिनीत इस फिल्म में मुमताज ने सहनायिका की भूमिका निभाई थी. इस फिल्म में भी उन पर एक आइटम गाना ऐ दुश्मन जान फिल्माया गया जो श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुआ. वर्ष 1967 में मुमताज की फिल्म राम और श्याम प्रदर्शित हुयी जो बतौर मुख्य अभिनेत्री के रूप में उनकी पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुयी.मुमताज के अभिनय का सितारा निर्माता-निर्देशक राज खोसला की क्लासिकल फिल्म दो रास्ते से चमका. बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की कामयाबी ने न सिर्फ मुमताज बल्कि अभिनेता राजेश खन्ना को भी स्टार के रूप में स्थापित कर दिया. वर्ष 1974 में मयूर माधवानी के साथ शादी करने के बाद मुमताज ने फिल्मों में काम करना काफी कम कर दिया.

# श्रेया घोषाल के साथ पार्श्वगायन करेंगी नोरा फतेही

बॉलीवुड स्टार नोरा फतेही, जानीमानी गायिका श्रेया घोषाल के साथ पार्श्वगायन करती नजर आयेंगी. पेपीटा, डर्टी लिटिल सीक्रेट और जेसन डेरुलो के साथ वायरल वोकल ट्रैक स्नेक जैसे ग्लोबल हिट देने के बाद, नोरा फतेही अब अपने संगीत सफर के एक नए अध्याय में कदम रख रही हैं. इस बार, वह केवल परफॉर्म ही नहीं कर रहीं बल्कि भारत की सुरों की रानी श्रेया घोषाल के साथ गा भी रही हैं. टी-सीरीज़ के बैनर तले बना यह रोमांचक वोकल सहयोग पहले से ही दुनियाभर में चर्चा में है.

इस दुर्लभ और शक्तिशाली जोड़ी में, नोरा अपनी अनोखी आवाज़ के साथ माइक पर नजर आती हैं और श्रेया के दिल छू लेने वाले सुरों के साथ जुड़ती हैं. अपनी करिश्माई ऑन-स्क्रीन मौजूदगी के लिए जानी जाने वाली नोरा यह साबित कर रही हैं कि वह माइक के पीछे भी उतनी ही प्रभावशाली हैं, खासकर तब जब वे भारत की सबसे प्रतिष्ठित आवाज़ों में से एक के साथ खड़ी हैं.

# फ़िल्म निशांची का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

**एमेज़ॅन** एमजीएम स्टूडियोज़ इंडिया ने आज अपनी आगामी फिल्म निशांची का धमाकेदार फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज़ किया है.अजय राय और रंजन सिंह द्वारा जार पिक्चर्स के बैनर तले, फ्लिप

फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस की गई फिल्म निशांची एक रोमांचकारी क्राइम ड्रामा है, जिसे अनुराग कश्यप ने निर्देशित किया है.

निशांची से ऐश्वर्य ठाकरे अभिनय की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं. वह इस फिल्म में डबल रोल निभा रहे हैं.

फिल्म निशांची दो भाइयों की कहानी है, जो दिखने में एक जैसे हैं लेकिन जिंदगी में बिल्कुल अलग रास्तों पर चलते हैं, और जिनके फैसले उनकी तक़दीर तय करते हैं.इस फिल्म में वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा जैसे दमदार कलाकार भी अहम किरदारों में नज़र आएंगे. फिल्म निशांची 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है.

# मां-बेटी की मुलाकात देख भावुक हुईं शिवांगी

अभिनेत्री शिवांगी जोशी 'सुपर डांसर चैप्टर 5' में कंटेस्टेंट अप्सरा और उसकी मां की मुलाकात देखकर भावुक हो गयी.

शिवांगी जोशी, जो इन दिनों बड़े अछे लगते हैं 4 में नजर आ रही हैं, ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक इमोशनल वीडियो शेयर किया. यह वीडियो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पॉपुलर डांस रियलिटी शो सुपर डांसर चैप्टर 5 से था. इस क्लिप में नन्हीं कंटेस्टेंट अप्सरा बोरों नजर आई, जिनके मासूम सपने और खुशी से भरे डांस ने सबका दिल जीत लिया है.

इस पल को और भी खास बना दिया जब शो में अप्सरा की अपनी मां से भावुक मुलाकात हुई. शिवांगी जोशी इस लम्हे से काफी भावुक हो गईं और उन्होंने अपनी फीलिंग्स एक प्यारे मैसेज के जरिए शेयर की. उन्होंने लिखा, 卐ये मेरे दिल को छू गयाज छोटी अप्सरा, जो इतनी मासूमियत से सपने देखती है और खुशी-खुशी नाचती है, आखिरकार अपनी मां के साथ कुछ वक्त बिता पाई. मां के हाथों से खाना खाना, उनके हाथों से बाल संवारनाज ये छोटी-छोटी चीज़ें उसके चेहरे पर सबसे प्यारी मुस्कान ले आईं, और हमारी आंखों में आंसू.

अप्सरा की मां, जो खेतों में रोज़ मज़दूरी करती हैं, मंच पर अपनी बेटी के साथ उतरीं शांत लेकिन गर्व से भरी हुई. उस पल में मां का वो बेपनाह प्यार और ताक़त झलक रही थी, जो सिर्फ एक मां ही दे सकती है. शिवांगी ने लिखा, उसकी मां उसके साथ मंच पर खड़ी थी, सिर्फ गर्व के साथ नहीं, बल्कि उस प्यार और ताकत के साथ जो सिर्फ एक मां दे सकती है. इस शो की वजह से अप्सरा को अपनी मां के साथ ये छोटे लेकिन सबसे कीमती पल मिल पा रहे हैंज और यही इस सफर को इतना खास बना देता है.

# हिट एंड रन केस में नंदिनी कश्यप गिरफ्तार

**गुवाहाटी** में 25 जुलाई के हिट एंड रन केस में अब एक जानी-मानी असमिया अभिनेत्री नंदिनी कश्यप को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बुधवार, 30 जुलाई को लगभग डेढ़ बजे नंदिनी को गुवाहाटी से ही गिरफ्तार

किया है जिसके बाद उन्हें अब कोर्ट में पेश किया जाएगा. इससे पहले मंगलवार को एक्ट्रेस को कस्टडी में लिया गया था. उन पर आरोप है कि उन्होंने छात्र को अपनी कार से टक्कर मारी और मौके से फरार हो गईं.घटना 25 जुलाई की रात लगभग 3 बजे गुवाहाटी के दक्षिणगांव इलाके में हुई, जब 21 वर्षीय समीउल हक नामक छात्र सड़क पार कर रहा था. समीउल नलबाड़ी पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था और साथ ही गुवाहाटी नगर निगम में अस्थायी रूप से काम भी करता था.घटना के बाद गुवाहाटी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की. देर रात अभिनेत्री नंदिनी कश्यप को हिरासत में लिया गया और उनसे लंबी पूछताछ की गई.

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत का पसंदीदा पारिवारिक शो

**भारतीय** टेलीविजन का सबसे लंबे समय तक चलने वाला और सोनी सब का सबसे प्रिय पारिवारिक मनोरंजन शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक असाधारण उपलब्धि का जश्न मना रहा है—17 वर्ष और 4,460 से अधिक एपिसोड्स—हंसी, एकता और आशा फैलाते हुए . नील फिल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले असित कुमार मोदी द्वारा परिकल्पित और निर्मित यह शो 2008 में लॉन्च हुआ था और तब से यह पीढ़ियों के बीच एक जाना-पहचाना नाम बन गया है . 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की निरंतर सफलता इसके शानदार कलाकारों, समर्पित टीम, प्रतिभाशाली लेखकों और दूरदर्शी प्रोडक्शन टीम के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है . पर्दे पर और पर्दे के पीछे, हर विभाग ने गोकुलधाम सोसाइटी को भारतीय घरों का अभिन्न हिस्सा बनाने में योगदान दिया हैं.

# मोनिका खन्ना निभाएंगी खलनायिका रमकुड़ी का किरदार

**किसी** भी कहानी में खलनायक न हो, तो वो अधूरी सी लगती है . अभिनय का कमाल ही है जो किसी भी किरदार को और दिलचस्प बनाता है . सन नियो के अपकमिंग शो प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी की कहानी में जो तूफान लेकर आएगी, वह है रमकुड़ी, एक ऐसा किरदार जो जितना रहस्यमय है, उतना ही मनोरंजक भी . इस दिलचस्प भूमिका में नजर आएँगी जानी-मानी टीवी अदाकारा मोनिका खन्ना, जो अपनी अभिनय कला से इस किरदार में जान फूँक रही हैं . प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी के नए प्रोमो में एक खामोश तूफान की आहट दिखाई देती है . एक धुंधली-सी रोशनी वाली पुरानी हवेली में, एक औरत चुपचाप मसाले पीस रही है . उसका चेहरा नजर नहीं आता, लेकिन फ्लैशबैक में उसका दर्द भरा अतीत सामने आता है, जहाँ फुटपाथ पर बीते दिन, जेल की सलाखें और पागलखाने की तन्हाई नज़र आती है . वह कौन है? क्या हुआ था उसके साथ, जो उसे इस मोड़ तक ले आया? इस बीच वह कहती है, इस हवेली में अब कभी किसी वारिस की किलकारी नहीं गूँजेगी . तभी, अचानक एक बच्चे की रोने की आवाज़ हवेली की खामोशी को तोड़ देती है . वह एकदम से रुक जाती है . बाँहों में बच्चा और आँखों में तूफान लिए दरवाज़े पर घेवर खड़ी है . औरत के हाथ से मूसल गिर जाता है . अब उसका नाम सामने आता है, जो रमकुड़ी है, लेकिन यह वापसी सिर्फ एक औरत की नहीं, बल्कि उसके अंदर जल रही बदले की आग की वापसी है .

# नये शो 'इशानी' का प्रोमो रिलीज

**स्टार** प्लस के नये फिक्शन शो 'इशानी' का प्रोमो रिलीज हो गया है . शो ईशानी ,एक युवा लड़की की अपने सपनों और पहचान को वापस पाने की जंग की कहानी है, उस दुनिया में जो उसे सीमाओं में बांधना चाहती है .'इशानी' सिर्फ एक लड़की की कहानी नहीं है, बल्कि उन अनकही लड़ाइयों की भी आवाज़ है, जिन्हें कई महिलाएं शादी के बाद अपने सपनों को छोड़ देने की मजबूरी में लड़ती हैं . प्रोमो की शुरुआत इशानी के दमदार मोनोलॉग से होती है, जहां वह खुद को एक ऐसे पंछी से जोड़ती है जो आसमान का है, पिंजरे का नहीं . शादीशुदा होने और नियमों से बंधे होने के बावजूद उसका हौसला टूटा नहीं है . उसका पति चाहता है कि वह अपने आईपीएस ऑफिसर बनने के सपने को भूलकर सिर्फ घर और बचों की देखभाल करे . इशानी को कॉलेज जाने की इजाज़त है, लेकिन सख्त शर्त के साथ ओर वो है किसी से बात नहीं करनी .

# 'परम सुंदरी' का रोमांटिक गाना 'परदेसिया' रिलीज

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म 'परम सुंदरी' का रोमांटिक गाना 'परदेसिया' रिलीज हो गया है.

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं. दिनेश विजान निर्मित इस फिल्म का गाना 'परदेसिया' रिलीज कर दिया गया है. यह एक रोमांटिक गाना है,जिसमें सिद्धार्थ और जाह्नवी की शानदार बॉन्डिंग नजर आ रही है. इस गाने को सोनू निगम और कृष्णकली साहा ने गाया है. सचिन-जिगर की जोड़ी ने इस गाने का संगीत तैयार किया है जबकि लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं. मेकर्स ने इस गाने को शेयर करते हुए लिखा वो गाना जिसका आपको इंतजार था.

गाना रिलीज करने के साथ ही फिल्म के मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट की जानकारी दे दी है. कैप्शन में बताया गया है कि नॉर्थ को साउथ से मिलने वाली सबसे बड़ी और शानदार लव स्टोरी 29 अगस्त को सिनेमाघर में रिलीज होगी. तुषार जलोटा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को महसूस करें और जीने की कोशिश करें.

सचिन-जिगर ने कहा,, 'परदेसिया' एक ऐसा जादुई गाना है जिसमें सब कुछ परफेक्ट बैठ गया. इमोशन, आवाज़, लिरिक्स और टाइमिंग.

हमें कुछ ऐसा बनाना था जो नया भी लगे और सदियों पुराना भी. और जब सोनू निगम ने इसे गाया वो भी उनके जन्मदिन पर तो लगा जैसे सितारे भी हमारी टीम में हैं. उनकी आवाज़ में जो दर्द है वो कोई बना नहीं सकता. कृष्णकली की आवाज़ ने उसमें रहस्य और जादू जोड़ दिया. और अमिताभ भट्टाचार्य? वो शब्द नहीं लिखते, वो एहसास उकेरते हैं.

# अमिताभ ने सैनिकों के बलिदान को किया सलाम

**बॉलीवुड** के महानायक अमिताभ ने सैनिकों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को सलाम किया है.

अमिताभ ने भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर एक दिन बिताने के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति प्रशंसा और गर्व व्यक्त किया. उन्होंने इस अनुभव को अपने जीवन का कभी न भूल पाने वाला पल बताया है.

अमिताभ ने एक्स पर लिखा, मेरे जीवन का अनुभव, भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर पूरा दिन बिताया... हमारी लड़ाकू सेनाओं के लिए गर्व और सम्मान.

अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर युद्धपोत पर बिताए दिन की तस्वीरें साझा कीं और सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की कहानियों का जिक्र किया. उन्होंने लिखा, हम सुनते हैं कि हमारे सैनिक हमारे लिए अपने प्राणों का बलिदान देते हैं. हम उनकी वीरता की कहानियां सुनते हैं, जिससे हम सुरक्षित हैं और चैन की नींद लेते हैं.

अमिताभ ने कहा, हमारे सैनिकों की समर्पण और इछाशक्ति देखकर मन आश्चर्यचकित हो जाता है. हम अपने घरों में आराम से रहते हैं, जबकि वे हमारी सुरक्षा और शांति के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं.

अमिताभ ने कहा, मैं आज एक सीख लेकर लौटा हूं. मुझे लगता है जैसे कोई अदृश्य शक्ति मुझे सेनाओं की उस सचाई के सामने ले गई, जो अक्सर अनदेखी कर दी जाती है.

अमिताभ ने गर्व के साथ कहा, मैं भारत का नागरिक हूं और मुझे उन सैनिकों पर गर्व है जो हमारे लिए सब कुछ समर्पित कर देते हैं.

# मेड इन इंडिया - एक टाइटन स्टोरी शूटिंग पूरी

ऑलमाइटी मोशन पिक्चर की आगामी सीरीज़ मेड इन इंडिया - एक टाइटन स्टोरी शूटिंग पूरी हो गयी है.

ऑलमाइटी मोशन पिक्चर की सीरीज़' मेड इन इंडिया ङ्क ए टाइटन स्टोरी' भारत के सबसे भरोसेमंद उपभोक्ता ब्रांड में एक टाइटन की प्रेरणादायक और दिल को छू लेने वाली यात्रा है, जिसमें सपनों, संघर्षों और संकल्पों की महागाथा बुनी गई है. यह श्रृंखला, प्रसिद्ध लेखक विनय कामत की पुस्तक 'टाइटनः इनसाइड इंडियाज़ मोस्ट सक्सेसफुल कंज़्यूमर ब्रांड' पर आधारित है. इसमें बताया गया है कि कैसे टाटा समूह के भीतर जन्मा एक विचार धीरे-धीरे भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रिय ब्रांड में तब्दील हो गया. उद्योगपति जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा (जे.आर. डी. टाटा) और जेरक्स देसाई के दृष्टिकोण, नवाचार और मानवीय भावनाओं से सजी यह कहानी टाइटन घड़ियों की शुरुआत और इसके एक घरेलू नाम बनने की यात्रा को दर्शाती है.

नसीरुद्दीन शाह ने इस सीरीज़ में जे.आर.डी.टाटा की भूमिका निभाई है, जबकि जिम सर्भ ज़रकसीस देसाई के रूप में नजर आयेंगे, जो टाइटन कंपनी के पहले प्रबंध निदेशक थे. इस प्रभावशाली कलाकार मंडली में वैभव तत्ववादी, लक्ष्वीर सरन, कावेरी सेठ, नमिता दुबे और परेश गणात्रा भी शामिल हैं.सीरीज़ की शूटिंग मुंबई, लोनावला और बेंगलुरु के वास्तविक स्थलों के साथ-साथ विशेष रूप से निर्मित भव्य सेट्स पर की गई है. विशेष बात यह है कि टीम को टाइटन के होसूर विनिर्माण संयंत्र और टाटा समूह के मुख्यालय बॉम्बे हाउस में फिल्मांकन की आधिकारिक अनुमति प्राप्त हुई जो इतिहास और ब्रांड की प्रामाणिकता

के लिए एक अनूठी उपलब्धि है. ऑलमाइटी मोशन पिक्चर की संस्थापक और इस सीरीज़की निर्माता प्रभलीन संधू ने कहा,यह केवल एक सीरीज नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्तरदायित्व है. बॉम्बे हाउस और टाइटन की फैक्ट्री में फिल्मांकन करना केवल पहुंच नहीं, बल्कि एक सौभाग्य था जिसने पूरी टीम को इस गाथा की गंभीरता का अनुभव कराया.

निर्देशक रॉबी ग्रेवाल ने कहा, यह केवल एक शूटिंग नहीं, बल्कि जीवंत इतिहास की यात्रा थी. इतने महान विचारकों की विरासत को चित्रित करना एक बड़ी ज़िम्मेदारी थी.

फिल्मांकन का समापन किसी कहानी के अंत जैसा नहीं, बल्कि किसी कालखंड के अंतिम पृष्ठ को ससम्मान बंद करने जैसा महसूस हुआ.